# श्री टीकाराम कन्या महाविद्यालय अलीगढ़

(सम्बद्ध डा0 भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, आगरा)

# राष्ट्रीय सेवा योजना

## सत्र 2019–2020

## रिर्पोट

कोविड–19 एवं राष्ट्रीय सेवा योजना

डा0 लकी गुप्ता
प्राचार्या

डा0 नीता वार्ष्णेय
कार्यक्रम अधिकारी

प्रियंका दीक्षित
कार्यक्रम अधिकारी

Scanned with OKEN Scanner

# रिपोर्ट

# कोविड़–19 में राष्ट्रीय सेवा योजना की भूमिका

युवा शक्ति के व्यक्तित्व के विकास के लिए युवा कार्यक्रम एवं खेल मन्त्रालय भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम कियान्वित किया जाता है। कोविड़–19 वैश्विक महामारी में राष्ट्रीय सेवा योजना ने अपनी एक महत्वपूर्ण भूमिका को निभाया है इसी सन्दर्भ में टीकाराम कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने कोविड़–19 वैश्विक महामारी की विषम परिस्थिति में कार्यक्रम अधिकारी डा0 नीता वार्ष्णेय एवं प्रियंका दीक्षित के निर्देशन में जनजागरूकता कार्य एवं समाज सेवा में अपना योगदान दिया। स्वयं सेविकाओं ने राष्ट्रीय सेवा योजना के क्षेत्रीय निदेशक डा0 अशोक श्रोती, राज्य सम्पर्क अधिकारी डा0 अंशुमाली शर्मा एवं कार्यक्रम समन्वयक आगरा विश्वविद्यालय डा0 रामवीर सिंह चौहान के मार्गदर्शन में अपने समाज सेवा के कार्यो को क्रियान्वित किया।

स्वयं सेविकाओं ने कोरोना वायरस के प्रति जागरूकता लाने के लिए पोस्टर का निर्माण किया एवं सोशल मीडिया पर उन्हे अग्रसारित कर महामारी के विषय में लोगों को जागरूक किया। पोस्टरों में कोविड़–19 के प्रसार के कारणों एवं बचाव के तरीकों पर प्रकाश डाला गया जिससे लोग जागरूक हो और कोविड–19 के प्रसार को कम किया जा सकें। भारत के प्रधानमंत्री मा0 श्री नरेन्द्र मोदी की सामाजिक दूरी की अपील एवं यूनिसेक और विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा बताये गये तथ्यों को सोशल मीड़िया द्वारा जन–जन तक पहुँचाने का कार्य किया गया। स्वयं सेविकाओं पारूल कश्यप, शवा, किरन, पूजा कुमारी, साक्षी, हिमांशी, प्रिया चौहान, स्नेहा शर्मा, कनक प्रिया, दीप्ती प्रताप शालिनी, काजल सारस्वत, अनु कुमारी, तनु शर्मा, सुरभि सारस्वत एवं रचना ने पोस्टर निर्माण कर सोशल मीडिया के माध्यम से जनजागरूकता लाने हेत श्रेष्ठ कार्य किया। महाविद्यालय के अन्य विभागों की छात्राओं ने भी पोस्टर निर्माण करके राष्ट्रीय सेवा योजना के साथ जन जागरूकता का कार्य किया। हिन्दी विभाग, अंग्रेजी विभाग, चित्रकला विभाग, समाजशास्त्र विभाग, गृह विज्ञान विभाग, राजनीति विज्ञान विभाग,

Scanned with OKEN Scanner

इतिहास विभाग, संस्कृत विभाग, जन्तु विज्ञान विभाग आदि विभागाध्यक्षों के निर्देशन में छात्राओं ने इस गंभीर संकट कोरोना महामारी के प्रति जागरूकता लाने हेतु सराहनीय प्रयास कियें। आड़ियों–वीड़ियों से भी सोशल मीड़िया पर स्वयं सेविकाओं ने अपील की। इस कार्य में महाविद्यालय के कर्मचारी संतोष एवं प्रथम चौधरी ने भी सहयोग प्रदान किया।

स्वयं सेविकाओं ने जन जागरूकता के कार्य के साथ–साथ अपने घरों में ही मास्कों को निर्माण किया और उनका वितरण कर समाज सेवा में योगदान दिया। स्वयं सेविकाओं ने 1300 से अधिक मास्क का निर्माण किया जिसमें से 1000 महाविद्यालय की प्राचार्या डा0 लकी गुप्ता द्वारा अलीगढ़ प्रशासन को प्रदान किया गया। दैनिक जागरण, अमर उजाला, एवं हिन्दुस्तान समाचार पत्रों के कर्मचारियों को भी स्वंय सेविकाओं द्वारा निर्मित मास्कों को उपलब्ध कराया गया। डा0 नीता वार्ष्णेय के निर्देशन में रमेश बिहार कालोनी में समाजशास्त्र की विभागाध्यक्षा डा0 सपना सिहं एवं अग्रेंजी विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डा0 प्रतिमा वार्ष्णेय ने सहयोग दिया। स्वंय सेविका पारूल कश्यप, कुनिका वार्ष्णेय, शवा, शुगरा हफीज लवली वार्ष्णेय, कनक प्रिया, हिमांशी गुप्ता,कल्पना कुमारी, रचना, सोनाली सिहं, कंचन सैनी, बबिता सैनी, पूजा शर्मा, साधना, लक्ष्मी कुमारी, दीक्षा चौधरी ने घरों में मास्क का निर्माण किया तथा अलीगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों में जैसे किशनपुर आदि में मास्क का वितरण किया। शुगरा हफीज एवं कुनिका वार्ष्णेय ने सर्वाधिक मास्कों का निर्माण किया।

भारत सरकार ने आरोग्य सेतु नामक एप को आरम्भ किया। इस एप का मुख्य उददेश्य कोरोना ग्रसित व्यक्ति की शीघ्र पहचान कर तत्काल उपचार एवं कोरोना के प्रसार को रोकना है। स्वयं सेविकाओं ने आरोग्य सेतु एप को स्वयं भी डाउलोड़ किया एवं अपने परिवार पास –पड़ोस को भी कराया। साथ ही दूरस्थ लोगों को एप को डाउनलोड़ करने हेतु प्रेरित किया। स्वयं सेविकाओं ने लगभग 800 लोगों को आरोग्य सेतु एप डाउनलोड़ कराकर राष्ट्र सेवा में योगदान दिया। स्वयं सेविकाओं ने उ0प्र0 शासन द्वारा शुभारम्भित आयुष कवच को भी अधिक से अधिक डाउनलोड़ कराया। आयुष कवच में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने हेतु बताये गये उपायों को जन–जन

Scanned with OKEN Scanner

पहुँचाने का स्वयं सेविकाओं द्वारा सोशल मीड़िया के माध्यम से प्रयास किया गया। महामारी से लड़ने में योग की भूमिका को भी लोगों से परिचित कराया गया। स्वयं सेविकाओं ने लगभग 300 लोगों को आयुष कवच एप डाउनलोड़ कराया।

भारत सरकार के I GOT DHIKSHA पोर्टल पर कार्यक्रम अधिकारियों एवं स्वयं सेविकाओं ने पंजीकरण कराया तथा Basic of Covid-19 का प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण में कोविड़–19 के विषय में वास्तविक तथ्यों से परिचय कराया गया एवं रोकथाम हेतु तरीकों को बताया गया। तनु शर्मा, प्रिया चौधरी, काजल सारस्वत, स्नेहा शर्मा, कनक प्रिया वार्ष्णेय, कुनिका वार्ष्णेय, मेघा गुप्ता, हिमांशी, लीजा शर्मा, प्रिया चौहान, सोनिया, साक्षी सिंह, मानसी पाण्डेय, टीना वार्ष्णेय, सुरभि सारस्वत आदि स्वयं सेविकाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के MIQPP में भी स्वयं सेविकाओं ने पंजीकरण कराकर राष्ट्र एवं समाज सेवा का संकल्प लिया। उ0प्र0 शासन द्वारा कोविड–19 महामारी से बचाव एवं राहत कार्यो के लिए कोविड–19 महामारी से बचाव एवं राहत कार्यो के लिए पंजीकरण कराया गया जिसमें स्वयं सेविकाओं ने स्वेच्छा से पंजीकृत होकर उत्कृष्ट समाज सेवा की भावना को प्रदर्शित किया। स्वयं सेविका शालिनी चौधरी, चंचल चौहान, मानसी पाण्डेय, दिव्यांशी लवानिया, सोनिया, सारिका, खुशबू गोस्वामी, पारूल कश्यप, साधना, लवली वार्ष्णेय, राधा, अनु, फरहीन ने कोरोना स्वयं सेविका के रूप में पंजीकरण कराया। स्वयं सेविकाओं को अलीगढ़ मुख्य चिकित्सा अधिकारी की ओर से बचाव कार्य हेतु सामान का वितरण किया गया तत्पश्चात स्वयं सेविकाओं ने अपने क्षेत्रों में बचाव राहत कार्यो को सम्पन्न किया।

मुस्करायेगा इंडिया इनिशिस्टिव विषय के तत्वाधान में NSS Counselor on Covid -19 पर ऑनलाइन प्रशिक्षण प्रदान किया गया। यूनिसेक की तरफ से दया एवं आफताब ने चाइल्ड़ केयर मेंटल, हेल्थ एवं सपोर्ट, साइको केयर पर अपने विचार व्यक्त किये। मनोवैज्ञानिक डा0 मानिनी श्री वास्तव एवं डा0 रश्मि सोनी ने परामर्श से सम्बन्धित व्यवहारिक बातों पर प्रकाश डाला। उन्होने बताया कि स्वास्थ्य ठीक है तो जीवन है स्वस्थ रहने पर ही जीवन में कुछ कर सकेंगें। स्वयं भावात्मक रूप से मजबूत होने पर ही हम दूसरों की सहायता कर पायेगें। सबसे पहले हम जिनको परामर्श दे रहे

Scanned with OKEN Scanner

है। उनकी बातों को धैर्यपूर्वक सुनना चाहिए क्योंकि उसकी परेशानी उसकी बातों में छिपी रहती है। उस व्यक्ति से भावात्मक सम्बन्ध बनाये तभी आप उसकी काउसलिंग कर सकते है। कोरोना आया है चला जायेगा इससे भयभीत होने की आवश्यकता नहीं है इस वातावरण में आपको संयम के साथ रहता है। सर्वप्रथम घर से काउंसलिंग शुरू करे अपने घर में शान्ति का वातावरण बनाये रखे उसके पश्चात सगे सम्बन्धियों पास–पड़ोस और समाज के लोगों को जागरूक करें। प्रशिक्षण के पश्चात राष्ट्रीय सेवा योजना के ''मुस्कुरायेगा इंडिया'' अभियान के अन्तर्गत कार्यक्रम अधिकारी डा0 नीता वार्ष्णेय एवं प्रियंका दीक्षित को अलीगढ़ जनपद में मानसिक स्वास्थ्य परामर्शदाता का उत्तरदायित्व प्रदान किया गया। (परामर्शदाताओं ने जनपद के निवासियों की समस्यओं एंव जिज्ञासाओं को धैर्यपूर्वक सुनकर उन्हें उचित परामर्श देने का प्रयास किया। विशेष रूप से छात्र–छात्राओं ने अपनी परीक्षा को लेकर अनिश्चितता से सम्बन्धित समस्याओं एवं मानसिक अवसाद के विषय में परामर्श लिया।

महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से दिनांक 19.06.2020 को Changing Life Style in Covid-19 विषय पर वेबिनार आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि डा0 भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय के कुलपति डा0 अशोक मित्तल, राज्य सम्पर्क अधिकारी डा0 अंशुमाली शर्मा एवं क्षेत्रीय निदेशक, डा0 अशोक श्रोती थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में महाविद्यालय के सचिव हरि प्रकाश गुप्ता, समन्वयक (NSS) आगरा विश्वविद्यालय डा0 रामवीर सिंह चौहान, नोडल अधिकारी डा0 सुनीता गुप्ता ने प्रतिभाग किया। प्राचार्या डा0 लकी गुप्ता ने सभी अतिथियों का स्वागत किया एवं कार्यक्रम का प्रारम्भ किया। माननीय कुलपति ने अपने उदबोधन में इस बात पर बल दिया कि कोरोना की वैक्सीन आने में अभी समय लगेगा। इसलिए आवश्यक है कि सरकार एवं आयुष मन्त्रालय के दिशा निर्देशों का पालन किया जायें। डा0 अंशुमाली शर्मा ने स्वयं सेवकों को अपने समाज सेवा कार्यो के लिए कोरोना वारियर्स सम्मान देने की वकालत की। डा0 अशोक श्रोती ने कोविड़–19 महामारी में राष्ट्रीय सेवा योजना की भूमिका पर प्रकाश डाला।

Scanned with OKEN Scanner

डा0 अमिता गर्ग ने कोविड–19 में जीवन को संयमित एवं नियंत्रित किस प्रकार किया जाये कि महामारी का नकारात्मक प्रभाव लोगों पर न पड़े इस पर अपना व्याख्यान दिया। सुष्मा चौहान ने कोविड–19 में योग की भूमिका को स्पष्ट किया। अपने विभिन्न योग मुद्राओं के माध्यम से स्वस्थ शरीर एवं मन के लिए योग की महत्ता स्पष्ट की। वेबिनार का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डा0 नीता वार्ष्णेय एवं आभार ज्ञापन प्रियंका दीक्षित द्वारा किया गया।

दिनांक 21.06.2020 योग दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गयी। ये प्रश्नोत्तरी योग एवं कोविड़–19 से सम्बन्धित थी। प्रश्नोत्तरी में देश के विभिन्न भागों में 1000 से अधिक लोगो ने सहभागिता की। प्रतियोगिता में 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को ई–सर्टिफिकेट प्रदान किया गया।

इसके अतिरिक्त अन्य राष्ट्रीय सेवा योजना इकाईयों द्वारा आयोजित होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे–पोस्टर, मास्क निर्माण, लोकगीत, कविता, प्रश्नोत्तरी आदि में स्वयं सेविकाओं ने सहभागिता की और ई–सर्टिफिकेट प्राप्त किया। आगरा विश्वविद्यालय द्वारा कोविड–19 से सम्बन्धित पोस्टर प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्रा नीतू सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया

फिट इंडिया मूवमेंट (15 अगस्त 2020 – 02 अक्टूबर 2020) कार्यक्रम के अन्तर्गत महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की स्वयं सेविकाओं ने बढचढ़कर हिस्सा लिया। स्वयं सेविकाओं ने प्रतिदिन औसतन 1 घन्टे एरोविक्स, रस्सी कूदना, भागदौड़, नृत्य जैसी विभिन्न क्रियाओं में शारीरिक श्रम किया और कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की शारीरिक शिक्षा विभाग की प्रभारी डा0 मंजूलता ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनका मार्गदर्शन एवं सहयोग बहुमूल्य रहा। स्वयं सेविका किरन, सोनिया, साधना खूशबू आदि ने उत्कृष्ट कार्य किया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डा0 नीता वार्ष्णेय एवं प्रियंका दीक्षित ने किया।

Scanned with OKEN Scanner

दिनांक 05.09.2020 को कार्यक्रम अधिकारी डा0 नीता वार्ष्णेय के निर्देशन में स्वयंसेविकाओं ने तालासपुर गांव में ग्रामीणो से विचार विमर्श किया। उन्हें कोविड–19 महामारी के प्रति जागरूक किया और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया।

Principal
Shri Tika Ram K[illegible] Mahavidyalaya
Al[illegible]garh

Scanned with OKEN Scanner